जल निगम में जल्द होंगी 1489 पदों पर भर्तियां

हि जॉब्स

लखनऊ, विशेष संवाददाता। जल निगम शहरी में अधिकारी से लेकर बाबू तक के खाली 1489 पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू होने वाली है। जल निगम प्रबंधन ने वार्षिक कार्ययोजना में इन रिक्तियों का उल्लेख करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा है। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया के लिए प्रस्ताव संबंधित आयोगों को भेजा जाएगा।

स्वीकृत पदों में समूह 'क' के 37, 'ख' के 172 व समूह 'ग' के 1289 पद खाली हैं। समूह 'ग' वर्ग में 322 तकनीकी सेवा के पद हैं। अधिकारियों खासकर अभियंताओं और तकनीकी पदों पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों के न होने से बाधा आ रही है। कुछ पदों पर संविदा या सेवानिवृत्त होने वालों को रखकर काम चलाया जा रहा है। पहले तो अधिकारी वर्ग को छोड़कर अभियंता और लिपिक संवर्ग पर भर्ती का अधिकार जल निगम प्रबंधन के पास ही था, लेकिन अब सभी भर्तियां संबंधित आयोगों को दे दी गई हैं।

प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2022 के लिए आवेदन लेने की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू कर दी है। आवेदन व शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई और आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि तीन अगस्त है।

ब्योरा P13